# नकाबपोशों ने चौकीदारों पर किया हमला, वाहन में की तोड़फोड़

## जल संसाधन के सिलोदा तालाब का पानी नहर में आगे नहीं बढ़ने दे रहे

**शुजालपुर, 6 दिसंबर. क्षेत्र के ग्राम रोसी में अज्ञात चार नकाबपोश लोगों ने जल संसाधन विभाग के दो चौकीदारों के साथ शुक्रवार की रात को मारपीट की, इन चौकीदारों की मदद के लिए पहुंचे विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के वाहन में भी तोडफोड की गई. घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई और कालापीपल थाने से आए पुलिस बल की मदद से जल संसाधन विभाग के उपयंत्री व अन्य कर्मचारी घटना स्थल से वापस आ सके. अज्ञात नकाबपोश चाहते थे कि सिलोदा तालाब का पानी जो नहर के माध्यम से विभिन्न गांवों में खेतों की सिंचाई के लिए जाता है वह आगे नहीं जाए.**

तालाब की पाल पर स्लूस गेट विभाग द्वारा खुलवाए जाने पर रोसी गांव के कुछ लोग कई दिनों से विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को धमका रहे हैं, बताया जाता है कि इस मामले में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शुक्रवार की दोपहर को लिखित रूप से पुलिस थाना कालापीपल में सूचना भी दी थी तथा सुरक्षा की दृष्टि से बल मांगा था लेकिन उन्हे पुलिस से कोई मदद नहीं मिल सकी और चौकीदारों पर रात में हमला हो गया, जिसकी सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों का भी सहयोग नहीं मिल रहा है.

### विभाग के वाहन को किया क्षतिग्रस्त ...

जब सभी वापस बोलेरों वाहन के पास पहुंचे तो देखा कि अज्ञात व्यक्ति ने वाहन के आगे व पीछे के दोनों कांच फोड दिए तथा सामने का बम्पर भी क्षतिग्रस्त किया . इसके अलावा उन्होंने वाहन के पहिए से हवा भी निकाल दी, जिससे गाडी में लगभग 15 हजार का नुकसान हुआ . पुलिस कालापीपल ने शिकायत पर मारपीट, तोडफोड और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज किया .



विभाग के वाहन पर किया पथराव, तोड़े कांच

**इस तरह हुई घटना...**


जल संसाधन विभाग के चौकीदार दीपक पिता रमेश मेवाडा निवासी फ्रीगंज शुजालपुर मंडी ने कालापीपल थाने पर शिकायत करते हुए बताया कि वह तथा ऊंकार बागरी दोनों चौकीदार के पद पर पदस्थ हैं, 5 दिसंबर को सिलोदा तालाब की पाल पर रोसी गांव स्थित स्लूस गेट पर ड्यूटी दे रहे थे तभी रात लगभग 8 बजे 4 अज्ञात व्यक्ति मुह पर कपड़ा बांधकर आए और अश्लील गालियां देते हुए कहा कि नहर का स्लूस गेट खोलने से मना किया था फिर तुम लोगों ने नहर का स्लूस गेट क्यों खोला. नकाबपोशों ने दोनों चौकीदारों के साथ लकडी से मारपीट की और नहर का स्लूस गेट बंद कर दिया. चौकीदारों ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी फोन पर उपयंत्री बालकृष्ण श्रीवास्तव को दी तो श्रीवास्तव कुछ ही देर में वाहन क्रमांक एमपी 07 सीजी 2412 से स्टॉफ के साथ आ गए और तालाब के पास बोलेरों गाडी खडी कर चौकीदारों के पास पहुंचे तथा दोनों से जानकारी ली.

### करीब डेढ़ घंटे तक भयभीत रहा स्टॉफ

सिलोदा तालाब का पानी नहर के माध्यम से कई किसानों के खेतों तक पहुंचता है, लेकिन रोसी गांव के कुछ अज्ञात व्यक्ति चाहते है कि पानी ज्यादा समय तक तालाब में बना रहे जिससे उन्हें व्यक्तिगत लाभ पहुंचे . जल संसाधन विभाग के लोगों को पाल का स्लूस गेट कई दिनों से खोलने नहीं दिया जा रहा है और खोलने पर धमकाया जाता है . इस संबंध में जमीनी अमले ने वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया. लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए कोई कार्य नहीं हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप बीती रात उन पर हमला हो गया . अज्ञात नकाबपोशों के हमले के बाद चौकीदार काफी भयभीत हो गए और उनकी मदद के लिए पहुंचे उपयंत्री व अन्य स्टॉफ भी वाहन में तोडफोड के बाद डरा हुआ रहा . वे सभी तालाब की पाल से पुलिस के आने के बाद सुरक्षित रूप से बाहर आ सके .

## एक नजर में

### जन अभियान परिषद के नाहर अध्यक्ष, योगी सचिव बने



**शाजापुर, 6 दिसंबर .** शनिवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति का पुनर्गठन किया गया . जिसमें अध्यक्ष पत्रकार मंगल नाहर तथा सचिव चंचलनाथ योगी को बनाया गया, इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया . मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु नागर तथा ब्लाक समन्वयक बसंत रावत के मार्गदर्शन में स्थानीय रेलवे स्टेशन कालोनी स्थित श्री नित्येश्वर महादेव मंदिर पर दोपहर 3 .30 बजे समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसमें अतिथियों के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सुनील नाहर, श्री नित्येश्वर महादेव मंदिर समिति सदस्य एवं क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी गोकुलसिंह पंवार, अशोक नाथ, राधेश्याम भाटिया, ईश्वरसिंह पंवार, नगरपालिका सभापति दिनेश सौराष्ट्रीय तथा सतीश राठौर उपस्थित रहे . बैठक की शुरुआत मंदिर परिसर में विराजित वीर बजरंगबली की स्तुति एवं सामुहिक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ की गई. तत्पश्चात समिति का पुनर्गठन करते हुए नवीन पदाधिकारियों तथा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई . जिसमें अध्यक्ष पत्रकार नाहर एवं सचिव योगी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के रुप में उपाध्यक्ष पंकज शिवहरे, सुनील वर्मा, नितिन गोठी, संगठन मंत्री जितेंद्र पंवार, सहसंगठन मंत्री सचिन भदौरिया, कोषाध्यक्ष अर्जुन चौधरी, सह कोषाध्यक्ष सागर सोनी, प्रवक्ता शेखर वर्मा एवं सहसचिव राजेश बरेठा को मनोनीत किया गया. इस दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत भी किया गया.

### शहर कांग्रेस ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि



**शुजालपुर, 6 दिसंबर .** शहर कांग्रेस ने शनिवार को महापरिनिर्वाण दिवस मनाया. यह दिन डॉ. भीमराव अंबेडकर के निधन की याद में मनाया जाता है, जो भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे. उपस्थित कांग्रेसजनों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने देश का संविधान लिखा और वे भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता कहलाए . कांग्रेसजनों ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए . इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, अजयपालसिंह जादौन, रईस पठान, बल्ला सोनी, विक्रम सिसोदिया,विशाल शर्मा, अजय मोर्टे, मुनव्वर खां सहित अन्य सामाजिक गण की उपस्थिति रही . उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता हसन रजा कुरैशी ने दी .

### एचडीएफसी बैंक ने एकत्रित किया 80 यूनिट रक्त



**शुजालपुर, 6 दिसंबर .** सिटी मंडी मार्ग पर अंबिका बाजार स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा ने शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया . जिसका शुभारंभ नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनीप्रसाद परमार, डॉ . अमित कुमार सोनी, प्रबंधक चन्द्रभान सिंह, प्रवीण व्यास, डॉ . रानू गुप्ता, मोहित नेमा की उपस्थिति में हुआ . इस शिविर के दौरान शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ शामिल होकर रक्तदान किया और शिविर में 80 युनिट रक्तदान हुआ. इस शिविर में सामाजिक लोगों ने सहभागिता की. रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय से आए अर्जुन नरवरिया, दीपक वाघ, सुनिल व्यास, कांउसलर जया माहेश्वरी अंकित वर्मा, हेमन्त पाटीदार आदि का सहयोग रहा, रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदाय किए गए .

### बेसिक्स ऑफ क्लासिकल मैकेनिक्स विषय पर हुआ व्याख्यान

**शुजालपुर, 6 दिसंबर .** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के भौतिक शास्त्र विभाग में बेसिक्स ऑफ क्लासिकल मैकेनिक्स विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय सीहोर से आए भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ . पी एस मालवीय ने विद्यार्थियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ . बी . के त्यागी की उपस्थिति रही .

# अपनी गंदी आंदतों पर लगाएं ब्रेक, तभी हम स्वच्छता में बनेंगे नंबर एक

## समाजसेवी अपनी स्कूटी से पहुंचे शाजापुर, लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

**शाजापुर, 6 दिसंबर. एक्टिवा पर स्वच्छता का संदेश, हाथों में झाडू और तन पर अपनी अनोखी ड्रेस पहने जब एक व्यक्ति शाजापुर पहुंचा तो झाडू लगाने लगा तो लोगों का ध्यान उनकी ओर आकर्षित हो गया. जब लोग उन्हें देख रहे थे तो उन्होंने भी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया और कहा कि अपनी गंदगी फैलाने की आदत को सुधारो तभी हम स्वच्छता में नंबर एक बनेंगे.**

दरअसल, शाजापुर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए बोहरा समाज के समाजसेवी सैफुद्दीन चर्चा में है. सैफुद्दीन पिछले 12 वर्षों से देशभर में घूम घूमकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं. अपनी स्कूटी से शाजापुर पहुंचकर उन्होंने लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग अलग डालने की समझाइश दी. जहां भी गंदगी दिखी, उन्होंने खुद झाडू लगाकर सफाई की और स्वच्छता का महत्व समझाया. इस दौरान सैफुद्दीन ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान तभी सफल हो सकता है जब आम जनता इसमें पूरा सहयोग दें. उन्होंने कहा कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सुबह शहर की गलियों और मोहल्लों को साफ करते हैंए लेकिन दुकानें खुलते ही सड़कों पर फिर से गंदगी फैल जाती है. इसका मुख्य कारण लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की कमी है. जब तक नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे तब तक भारत को स्वच्छ देशों की सूची में आगे नहीं बढ़ाया जा सकता.



### 1200 शहरों में दिया स्वच्छता का संदेश

सैफुद्दीन ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में उन्होंने बाइक से लगभग एक लाख किलोमीटर की यात्रा की है . इस दौरान वे 1200 से अधिक शहरों और गांवों में जाकर स्वच्छता का संदेश दे चुके हैं . वे जहां भी गंदगी देखते हैं, वहां कम से कम 10 मिनट रुककर लोगों से बातचीत करते हैं उन्हें साफ-सफाई का महत्व समझाते हैं और स्वयं भी मौके पर सफाई करते हैं .

### एक्टिवा पर लिखा चलते-चलते कचरा न फेंके

सैफुद्दीन की एक्टिवा गाड़ी पर जगह -जगह स्वच्छता के संदेश लिखे हुए हैं . लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए उन्होंने सूखे कचरे से बनी एक विशेष ड्रेस भी तैयार की है, जिसे वे पहनते हैं . उनकी गाड़ी पर भारत माता की जय, चलते चलते कचरा न फेंके और अपनी गंदी आदतों पर लगाइए ब्रेक, तभी हमारा शहर बनेगा नंबर एक जैसे प्रेरक स्लोगन लिखे हैं . सैफुद्दीन का कहना है कि यदि हम आज स्वच्छता को अपनाते हैं तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत दे पाएंगे .

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने बोटैनिकल गार्डन में चलाया स्वच्छता अभियान

## शासकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन




महाविद्यालय में किया गया आयोजन

**शुजालपुर, 6 दिसंबर. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना ने शनिवार को बोटैनिकल गार्डन में स्वच्छता अभियान एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुंभकार के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर से रैली निकालकर हुई. इसके बाद सभी स्वयंसेवक बोटैनिकल गार्डन पहुंचे, जहां उन्होंने स्वच्छता कार्य करते हुए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया. स्वयंसेवकों ने गार्डन में फैले कचरे को एकत्रित किया, पौधों की सुरक्षा के लिए सफाई की तथा स्वच्छ एवं हरित परिसर बनाए रखने की शपथ ली. एनएसएस के छात्रों ने बताया कि स्वच्छता केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है.

**श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

कार्यक्रम के दूसरे चरण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. स्वयंसेवकों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके विचारों को समाज में अपनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भुनेश्वर कुमार त्यागी ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर केवल संविधान रचयिता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, शिक्षा और मानवाधिकारों के प्रमुख प्रेरणास्रोत हैं.

उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के विचारों को व्यवहार में लाएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं. कार्यक्रम अधिकारी कुंभकार ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा, नेतृत्व, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है. उन्होंने स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की और आगे भी इसी तरह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पर्यावरण सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता, राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं. कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, स्वयंसेवक, संकाय सदस्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

# जल्द ही तीनों प्रांगणों में इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से हो सकेगी तुलाई




**शुजालपुर, 6 दिसंबर. कृषि उपज मंडी शुजालपुर में पिछले कुछ माह से अनाज की आवक में बढ़ोतरी हो रही है, क्योंकि किसानों की उपज की तुलाई इलेक्ट्रानिक तौल कांटे पर होना प्रारंभ हो गई.**

हालांकि प्रांगण में लगे तो इलेक्ट्रानिक तौल कांटे से पूर्ति नहीं हो पा रही थी, जिसके चलते एक और इलेक्ट्रानिक तौल कांटे की आवश्यकता महसूस हो रही थी और इसकी मांग किसानों व व्यापारियों द्वारा की जा रही थी. जिसके लिए मंडी प्रशासन ने तीसरे इलेक्ट्रानिक तौल कांटे की मांग वरिष्ठ कार्यालय से की थी, जिसकी स्वीकृति शासन से प्राप्त हो गई और मंडी के प्रांगण क्रमांक तीन में 50 टन तक तुलाई करने की क्षमता वाला इलेक्ट्रानिक तौल कांटा स्थापित हो सकेगा. मंडी प्रशासन व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर राजकुमार हलदर ने बताया कि इस तौल कांटे की स्थापना बीओटी मॉडल पर की जाएगी, जिसके लिए जल्द की आवश्यक प्रक्रिया की जाना है. तीनों प्रांगण में इलेक्ट्रानिक तौल कांटा लगने के बाद तुलाई का कार्य जल्द हो सकेगा, जिससे किसानों के साथ व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा.

## एक नजर में | सीएमएचओ ने स्वास्थ्यकर्मियों से की वन टू वन बात, अच्छे कार्य पर मिली प्रशंसा

# स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपने कार्य में सुधार लाएं, नहीं तो होगी कार्रवाई

**नलखेड़ा, 6 दिसंबर. स्वास्थ्य कर्मचारी काम की गुणवत्ता बढ़ाए, समय पर सेवा दें, लापरवाही न बरतने की चेतावनी के बाद भी अगर कार्य में सुधार नहीं आया तो कार्रवाई होगी. उक्त बात शनिवार को सुसनेर सिविल अस्पताल सुसनेर में सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहरवाल ने समीक्षा बैठक के दौरान कही.**



राष्ट्रीय कार्यक्रमों में 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश सीबीएमओं डॉ. राजीव कुमार बरसेना को दिए. उन्होंने ने स्पष्ट कहा है कि स्वास्थ्यकर्मियों को अपना काम ठीक करना होगा वरना कार्रवाई होगी, अभी तो ठीक है मैं जनवरी, फरवरी में फिर आऊंगा तब तक कार्य में सुधार हो जाए. बैठक में जिले के अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की. बैठक का मुख्य उद्देश्य इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की पहचान करना और जिले के स्वास्थ्य संकेतकों में अपेक्षित सुधार लाना था.

**यूनिव पोर्टल इंन्ट्री करें, नहीं तो होगी कार्रवाई**

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.नरेंद्र सिंह परिहार ने यूनिव पोर्टल पर बच्चों की इंन्ट्री शतप्रतिशत करने के निर्देश दिए. डेटा एंट्री में देरी करने पर कार्रवाई की बात कही. सीएमएचओं ने सभी विकासखंड अधिकारियों और स्वास्थ्य अमले को नियमित रूप से फील्ड विजिट और शत प्रतिशत लक्ष्य के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए. एनिमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्कूलों में जाकर बच्चों की स्क्रेनिंग करने के निर्देश दिए. राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अच्छे कार्य करने वालें उपस्वास्थ्य केंद्र पायली, बडिया, गणेशपुरा के कर्मचारियों की सराहना की. राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लापरवाही के लिए सोयत एएनएम मनोरमा कुभंकार एवं पूजा शाक्य को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश व एएनएम, सीएचओ, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता की सराहना की. सीएमएचओ ने टीम के साथ सिविल अस्पताल के नवीन भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए.



### राष्ट्रीय कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा

करीब तीन घंटे तक चली इस समीक्षा बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, मलेरिया नियंत्रण, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम और परिवार नियोजन जैसी प्रमुख योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई . पाया गया कि कुछ क्षेत्रों में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं है . उन्होंने संबंधितो को निर्देशित किया कि उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सिविल अस्पताल हर स्तर पर साप्ताहिक उपलब्धियों में सुधार सुनिश्चित करें . सीएमएचओ ने विशेष रूप से टीबी अभियान में एक्सरे एवं आईडीएसपी की रिपोर्ट दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए . उन्होंने लाभार्थियों को मिलने वाले वित्तीय लाभों को समय पर उनके खातों में पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया . उपस्वास्थ केंद्रों के निरीक्षण हेतु जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया .